पंजीयन क्रं. 06/09/01/04737/04

# विचार मासिक पत्रिका

कुल पृष्ठ 24, वर्ष 2, अंक 23 | माह - फरवरी 2021, मूल्य - निःशुल्क

आपके विकास को समर्पित

॥विचार संस्था॥

( स्थापना वर्ष 2003 )



72वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विचार संस्था ने नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए 105 स्थानों पर महिलाओं ने झंडावंदन किया। विचार संस्था की सहायक अंजु सेठ कटरा वार्ड में झंडावंदन करते हुए।

# पदाधिकारी



**कपिल मलैया**
संस्थापक व अध्यक्ष, मो. 9009780020
FB : @KapilMalaiyaOriginal



**सुनीता जैन**
कार्यकारी अध्यक्ष
मो. 9893800638



**आकांक्षा मलैया**
सचिव, मो. 9165422888
FB : @AkankshaMalaiyaOriginal



**विनय मलैया**
कोषाध्यक्ष, मो. 9826023692



**नितिन पटैरिया**
मुख्य संगठक, मो. 9009780042



**अखिलेश समैया**
मीडिया प्रभारी, मो. 9302556222



**हरगोविंद विश्व**
मार्गदर्शक



**राजेश सिंघई**
मार्गदर्शक



**श्रीयॉश जैन**
मार्गदर्शक

पता - 258/1, मालगोदाम रोड, तिलकगंज वार्ड, आदिनाथ कार्स प्रा. लिमि. के पीछे, सागर (म.प्र.) - 470002, हेल्पलाइन नं. 9575737475, 07582-224488

विचार समिति का मासिक प्रकाशन

# विचार मासिक पत्रिका

वर्ष - 2, अंक - 23, फरवरी - 2021

**संपादक**

**आकांक्षा मलैया**

**प्रबंधक व प्रकाशक**

विचार समिति

स्वामित्व

**विचार समिति**

258/1, मालगोदाम रोड, तिलकगंज वार्ड,
आदिनाथ कार्स प्रा. लिमि.
के पीछे, सागर ( म.प्र. )
पिन - 470002

**Email: sanstha.vichar@gmail.com**
**Phone: 9575737475**
**07582-224488**

**मुद्रण**

तरूण कुमार सिंघई, अरिहंत ऑफसेट
पारस कोल्ड स्टोरेज, बताशा गली,
रामपुरा वार्ड, सागर ( म.प्र. )
पिन - 470002

# अनुक्रमाणिका

## टॉप स्टोरी :-

1. क्रिएटिव ब्लॉक - मानसिक बीमारी ............................ 4

## विचार संस्था की गतिविधियां :-

1. बीएमसी में कोरोना मरीजों की मदद के लिए विचार हेल्प डेस्क संजीवनी बनकर उभरी ........................ 6
2. अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान के तीन माह पूर्ण होने पर बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां ................ 10
3. अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान : सांस्कृतिक उत्सव की झलकियां .................................................. 11
4. अंत्योदय शिक्षा प्रेरकों के अनुभव ............................................ 13
5. विचार संस्था उपाध्यक्ष सौरभ रांधेलिया का कार्यालय में स्वागत ............................................... 15
6. शास्त्री वार्ड को आदर्श मोहल्ला बनाने पर चर्चा ............ 15
7. विजन 2025 : विहार प्रोजेक्ट की रूपरेखा बनाने मनेसिया गांव का भ्रमण .................................. 16
8. विचार संस्था ने नारी शक्ति की मिसाल पेश की 72वें गणतंत्र दिवस पर 105 स्थानों पर महिलाओं ने किया झंडावंदन .................................. 17
9. विभिन्न वार्डों में किए गए झंडावंदन की झलकियां ........18
10. अंत्योदय शिक्षा प्रेरकों द्वारा झंडावंदन ..........................21

## मीडिया कवरेज

मीडिया कवरेज ........................................... 22

# क्रिएटिव ब्लाक - मानसिक बीमारी



डॉ. मोनिका जौहरी
Psychiatrist
(Doctor Of Medicine)
London UK

आत्मविश्वास की कमी, बिना कोशिश किए ही हार मान जाना और जलन की भावना, ईर्ष्या, और खुद को हीन समझना मानसिक रुप से कमजोर व्यक्ति के मुख्य लक्षण होते हैं।

यह संकेत बताते हैं कि व्यक्ति मानसिक रुप से कमजोर है और इसी कमजोरी को हम मनोविज्ञान की भाषा में क्रिएटिव ब्लॉक कहते हैं ।

**क्या है क्रिएटिव ब्लॉक** -

हर व्यक्ति की मानसिक स्थिति एक जैसी नहीं होती है। कुछ लोग मानसिक रुप से कमजोर होते हैं। वह दूसरों से खुद को कमजोर महसूस करते हैं। इस स्थिति में ऐसे व्यक्ति को दिमागी रुप से कमजोर (ब्लॉक) होने के कारण अधिक संघर्ष करना पड़ता है। रचनात्मकता रखने वाले व्यक्तियों को क्रिएटिव ब्लॉक से गुजरना पड़ सकता है। कमजोर दिमाग होने की वजह से उस व्यक्ति के मन में अक्सर बहुत सारी हीन भावनाएं चलती रहती हैं। यही कारण रहता है कि वह क्रियात्मक कार्य नहीं कर पाता, कुछ नया नही कर पाता। ऐसी स्थिति में तनाव और नकारात्मकता को दूर करने के लिए रचनात्मक तरीकों का सहारा लेते हैं। यह रचनात्मक तरीके पेंटिंग, राइटिंग कुछ भी हो सकता है। मगर कभी-कभी ऐसा होता है कि आप कुछ रचनात्मक करने की बहुत कोशिश करते हैं लेकिन वैसा हो नहीं पाता है जैसा आप सोचते हैं। यह मानसिक रुप से ब्लॉक होने पर होता है। हर क्रिएटिव इंसान इस समस्या से गुजरता है, इसे क्रिएटिव ब्लॉक कहते हैं।

**लक्षण** -

**1. कंफर्ट जोन से बाहर नहीं आ पाना –** अपनी सुविधाओं के दायरे में रहकर हर व्यक्ति काम करना चाहता है। जो व्यक्ति क्रिएटिव ब्लॉक से गुजर रहा होता है वह अपने कंफर्ट ज़ोन से कभी भी बाहर आकर काम नहीं करना चाहता है। ऐसे लोग अक्सर कोई भी नई जिम्मेदारी लेने से घबरा जाते हैं।

**2. आसानी से हार मान जाना –** परिस्थितियों से हार मानना मानसिक रुप से कमजोर होने की निशानी होती है। जो लोग क्रिएटिव ब्लॉक से गुजर रहे होते हैं वे जीतने की अपेक्षा आसानी से हार मान जाते हैं।

**3. दूसरों की सफलता से ईर्ष्या करना –** मानसिक रुप से कमजोर व्यक्ति दूसरों की सफलता से ईर्ष्या करते हैं। खुद सफल होने की कोशिश नहीं करते। लगातार दूसरों को

सफल और खुद को कम आंकना भी क्रिएटिव ब्लॉक की निशानी होती है।

**4. आत्मविश्वास की कमी** – इस स्थिति में आत्मविश्वास की कमी होने के कारण आत्मनिर्भरता नहीं आ पाती जिससे अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में रूकावटें आने लगती हैं। क्रिएटिव ब्लॉक में व्यक्ति खुद पर भरोसा नहीं करते और अक्सर हर काम से डरते रहते हैं। खुद पर यह संदेह ही उन्हें असफलता की ओर ले जाता है।

**5. प्रतिस्पर्धा से दूर रहना** – जीत-हार जीवन का हिस्सा है। जो व्यक्ति परीक्षा से डर जाए तो सफल होने की कोई गुंजाईश नहीं रहती। ऐसे लोग हार जाने के डर से किसी भी प्रतिस्पर्धा में भाग नहीं लेते और खुद को आगे बढ़ने का मौका नहीं दे पाते हैं।

### इस रोग से कैसे निपटा जा सकता है

**★ कुछ नया करने की कोशिश करें** – जब आप खुद पर कुछ रचनात्मक करने के लिए दबाव डालते हैं तो आप अपने तनाव को बढ़ा रहे होते हैं। इस समस्या को दूर करने का सबसे आसान तरीका कुछ नया करना है। जब आप कुछ नया करने की सोचते हैं तो आपका दिमाग डाइवर्ट हो जाता है जिससे तनाव दूर होता है। एक बार जब तनाव चला जाता है तो आपको कुछ रचनात्मक करने में परेशानी नहीं होती है।

**★ दूसरों के क्रिएटिव वर्जन को फॉलो करें** – आपकी रचनात्मक चीजों को सबको दिखाना जरुरी होता है। कुछ रचनात्मक करने के साथ बाकि लोगों की रचना को देखने के लिए भी समय निकालें। यह आपको प्रेरित करने में मदद करते हैं।

**★ परिणाम पर ध्यान न दें** – बहुत से लोगों के क्रिएटिव ब्लॉक होने के पीछे का कारण किसी भी रचना का परिणाम सोचना होता है। वह रचना करते समय आनंद लेने की बजाय परिणाम के बारे में सोचकर परेशान होते रहते हैं। इससे खुश रहने की अपेक्षा तनाव से ग्रसित हो जाते हैं। इसलिए रचना करने की प्रक्रिया को तनावपूर्ण बनाने की बजाय छोटी-छोटी चीजों का आनंद लेते रहना चाहिए।

**★ यात्रा करें** – रोज के काम में आप इतने फसे रहते हैं कि कुछ भी रचनात्मक करने के लिए प्रेरित नहीं हो पाते हैं। इसके लिए सबसे अच्छा तरीका अपने रोज के रुटीन से बाहर आकर ट्रैवल करें। अगर आप कहीं दूर घूमने नहीं जा सकते हैं तो अपने आसपास भी भ्रमण कर सकते हैं।

**★ सीमाओं से बाहर आएं** – रचनात्मक होने के लिए अपनी सीमाओं से बाहर जाने में हिचके नहीं। आप जितना नया सोचेंगे, रचनात्मक कार्य करने में उतनी मदद मिलेगी।

# बीएमसी में कोरोना मरीजों की मदद के लिए विचार हेल्प डेस्क संजीवनी बनकर उभरी

## विचार हेल्प डेस्क के माध्यम से 172 दिनों में हुआ 1420 समस्याओं का निदान, कोरोना वारियर्स अपनी जान की परवाह किए बगैर करते रहे मरीजों की मदद



बुंदेलखंड मेडिकल कालेज में कोविड 19 मरीजों और उनके परिजनों के बीच विचार हेल्प-डेस्क संजीवनी बनकर उभरी है। पांच माह से ज्यादा समय से सेवाएं दे रही हेल्प-डेस्क ने बीएमसी प्रबंधन के सहयोग से 1420 से ज्यादा समस्याओं का निदान करने में सफलता पाई है। बीएमसी के चेयरमैन, सागर कमिश्नर मुकेश शुक्ला के मार्गदर्शन में विचार संस्था और बुंदेलखंड मेडिकल कालेज द्वारा यह हेल्प डेस्क चलाई जा रही है।

सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कालेज में कोविड 19 से संक्रमित मरीजों के इलाज के दौरान डॉक्टर, मरीज और उनके परिजनों के बीच सही तालमेल






नही हो पा रहा था, जिसके चलते वहां आये दिन विवाद जैसी स्थितियां बन जाया करती थीं। सागर कमिश्नर ने हेल्प-डेस्क जैसी योजना के माध्यम से इन होने वाली समस्याओं को दूर करने में सागर की विचार संस्था से सहयोग मांगा। संस्था की टीम ने इसके लिए एक बैठक आयोजित की जिसमें सभी की सहमति से हेल्प-डेस्क की शुरुआत की गई। मेडिकल कॉलेज के डॉ. अखिलेश जैन, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. राजेश जैन, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. रमेश पांडेय, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, डॉ. अखिल जैन, डॉ. सुमित रावत अपनी विशेष सेवाएं दे रहे हैं।

विचार संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष कपिल मलैया ने हेल्प-डेस्क की जानकारियां देते हुए बताया कि बुंदेलखंड मेडिकल कालेज परिसर में दो-दो विचार सेवकों द्वारा चार-चार घण्टों की शिफ्टों में सुबह 7 बजे से रात्रि 12 बजे तक सेवाएं दी गई हैं जिसमें प्रतिदिन डॉक्टरों और स्टाफ की अलग-अलग शिफ्टों की ड्यूटी और वार्डों में भर्ती मरीजों की सभी जानकारी की लिस्ट और फोन नम्बर बीएमसी प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं। हेल्प-डेस्क और मरीजों के संवाद के लिये सभी कोविड वार्डों में एक-एक एंड्रॉयड फोन रखे गए हैं। इसी क्रम में सॉरी वार्ड में भर्ती हुए मरीज की रिपोर्ट निगेटिव आने पर छुट्टी के दौरान हो रही परेशानियों को डॉक्टरों से बात करवाकर दूर किया जाता है। मलैया जी ने इस योजना की सफलता का श्रेय हेल्प-डेस्क में सेवाएं दे रहे कोरोना वारियर्स को दिया है। संस्था जिला प्रशासन एवं मेडिकल कॉलेज टीम का आभार मानती है कि उन्हें सेवा का मौका दिया एवं जरूरत पड़ने पर संसाधन उपलब्ध करवाए।

# कोरोना वारियर्स का कहना है

जब सॉरी वार्ड में एडमिट हुए मरीज की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उन्हें



एच.डी.यू. या आई.सी.यू. में शिफ्ट कर दिया जाता है। उस दौरान मरीज के परिजन परेशान रहते हैं, जिसके कारणों में संपर्क सूत्र न हो पाना उन्हें परेशानी का सबब बन जाता है। इस स्थिति में हेल्प डेस्क के विचार सेवक मरीज की पूरी जानकारी लेते हैं, डॉक्टरों से सम्पर्क करते हैं। साथ ही दूरभाष और वीडियो कॉल के जरिए परिजनों और मरीज की बात करा देते हैं।

**पूजा लोधी**

**कोरोना वारियर, विचार संस्था**



यहां पर रखे कम्प्यूटर के माध्यम से स्काई एप पर कॉलिंग के साथ बीएमसी प्रबंधन द्वारा सॉरी, एच.डी.यू. और आई.सी.यू वार्डो में उपलब्ध मोबाइल के माध्यम से बात और वीडियो कॉलिंग कराई जाती है। मरीज और परिजनों के इस तरह के संवाद से उन्हें आत्मसंतुष्टि का अनुभव मिल जाता है।

**अनुराग विश्वकर्मा**

**कोरोना वारियर, विचार संस्था**

बीएमसी प्रबंधन से मिली लिस्टों के आधार पर एडमिट मरीजों से समय पर इलाज



और दवाईयों के बारे में जानकारी ली जाती रहती है। परिजनों को भिजवाए समान को उनके हाथों तक पहुंचने की पूंछ-परख के साथ किसी भी प्रकार की मदद और समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया जाता है। बीएमसी द्वारा दिये जा रहे भोजन के साथ फल और अन्य सामग्री समय पर पहुंचने की सभी जानकारी ली जाती है। साथ ही ऐसीं सभी सामग्री को विचार सेवकों द्वारा चैक किया जाता है।

**पूजा प्रजापति, कोरोना वारियर, विचार संस्था**



बीएमसी द्वारा दिये जा रहे भोजन के साथ फल और अन्य सामग्री समय पर पहुंचने की सभी जानकारी ली जाती है। साथ ही ऐसीं सभी सामग्री को विचार सेवकों द्वारा चैक किया जाता है।

**राहुल अहिरवार**

**कोरोना वारियर, विचार संस्था**



हेल्प-डेस्क पर बाहर से आये लोगों की अनविज्ञता दिखने पर उन्हें जांच के लिए फीवर क्लिनिक भेज दिया जाता है। हेल्प-डेस्क पर सेवा दे रहे विचार सेवकों द्वारा जांच के बारे में बताकर कि यदि पेशेंट को भर्ती नही होना है तो वह आर.ए. टी. एंटीजन टेस्ट करा सकता है।

**संजेश लोधी, कोरोना वारियर, विचार संस्था**



अभी तक के रिकॉर्ड में लगातार 172 दिनों से समय से सेवा दे रही हेल्प-डेस्क में आई ऐसीं 1480 में से 1420 समस्याओं का निदान किया जा चुका है। विचार संस्था की टीम के मदद के हाथ इस कोरोना संकट काल मे हजारों जरूरतमंदों तक पहुंचे हैं।

**तुलसीराम, कोरोना वारियर, विचार संस्था**



मध्यप्रदेश में कोविड 19 मरीजों के बीच रहकर किसी समाजिक संस्था द्वारा चलाई जा रही हेल्प-डेस्क पहली योजना है। देशभर में शायद ही ऐसी योजना अन्य कहीं संचालित हो रही होगी।

**अरविंद अहिरवार**

**कोरोना वारियर, विचार संस्था**



इस तरह की मुहिम के तहत और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने और कोविड मरीजों और स्वास्थ्य विभाग अमला के बीच की दूरियां को भरने के लिए विचार संस्था जैसी और सामाजिक संस्था आंगे आएं तो इस वैश्विक महामारी की जंग जीतने में हम बहुत हद तक कामयाब हो सकते हैं।

**देवेन्द्र वर्मा, कोरोना वारियर्स, विचार संस्था**

# अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान के तीन माह पूर्ण होने पर बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

विचार संस्था और ISRN द्वारा जो संकल्प लिया गया था जिसमें पहले चरण में 34 प्रेरक ने हिस्सा लिया। तीन माह का यह अभियान पूरा हुआ। अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान के दौरान 34 प्रेरक ने 30 अलग अलग स्थानों पर लगभग 410 बच्चों को निशुल्क पढ़ाया। जिसमें सभी ने उनके मौलिक भौतिक ज्ञान को बढ़ाया। खेल-खेल में बच्चों को बहुत कुछ सिखाया जैसे प्राथमिक चिकित्सा, गुड टच-बैड टच, पौधारोपण, भारत को जानो जैसे विषयों पर ध्यान देते हुये गणित, अंग्रेजी और विज्ञान विषय को भी पढ़ाया। इसका समापन गणतंत्र दिवस की थीम रखते हुये दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन करके किया गया। जिसमें ऑनलाइन मीटिंग के जरिये सभी क्लास के बच्चों ने बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दी एवं बताया कि उन्होंने 3 माह में क्या-क्या सीखा और उनका अनुभव कैसा रहा। सभी प्रेरक ने भी अपनी बात रखी और साथ ही सभी ने विचार संस्था और ISRN का शुक्रिया किया। इस कार्यक्रम में विचार संस्था के उपाध्यक्ष सौरभ रांधेलिया जी द्वारा उनकी बहन के जन्मदिवस के अवसर हेतु सभी 29 स्थानों पर केक भेजे गये साथ ही बच्चों को आयरन की कमी पूर्ण करने के लिए गुड़-चना के पैकेट दिए गए। जिससे बच्चे बहुत ही ज्यादा खुश हुए एवं सुरभि दीदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। विचार संस्था सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



ऑनलाइन मीटिंग में संचालन करते हुए विचार संस्था सचिव आकांक्षा मलैया।


सुरभि रांधेलिया ने अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान के सांस्कृतिक उत्सव में 29 केक प्रेरकों को भेंट किए साथ ही बच्चों को सर्टिफिकेट और आयरन की कमी पूर्ण करने के लिए गुड़-चना के पैकेट दिए।


अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान की प्रभारी पूजा पड़ेले, अंजली जैन बच्चों के साथ।

# अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान के तीन माह पूर्ण होने पर बच्चों ने मनाया सांस्कृतिक उत्सव की झलकियां



प्रेरक अभिलाषा जाटव, गुलाब कालोनी, सागर



प्रेरक सरस्वती लोधी, ग्राम डुगासरा, सागर



प्रेरक प्रखर नेमा, प्रभाकर नगर, मकरोनिया



प्रेरक मधु मौर्य, उन्नत मौर्य, सदर बाजार, सागर



प्रेरक वैशाली प्रजापति
राजीव नगर वार्ड, सागर



प्रेरक उजाला अहिरवार, रोशनी,
मुस्कान, श्रद्धा तुलसीनगर वार्ड, सागर



प्रेरक प्रियंका गोदरे
कटरा बाजार, सागर



प्रेरक सपना पटैल
बाघराज वार्ड, सागर



प्रेरक लक्षता जैन
रामपुरा वार्ड, सागर



प्रेरक वर्षा राजपूत
नयाखेड़ा, सिदगुंवा, सागर



प्रेरक प्रीति केशरवानी
माता मढ़िया, सागर



प्रेरक रविकांत रैकवार
शिवाजी वार्ड, सागर



प्रेरक प्रभा साहू
भगवानगंज वार्ड, सागर



प्रेरक प्राची जैन, पंतनगर वार्ड



प्रेरक प्रियंका लोधी, ग्राम डुगासरा, सागर



प्रेरक ज्योति जैन
शाहगढ़ मड़देवरा, सागर



प्रेरक कांति जैन
इतवारी वार्ड, सागर



प्रेरक ऋचा जैन, भीतर बाजार, सागर



श्रेष्ठ मुखारया, रजाखेड़ी मकरोनिया



प्रेरक प्रियंका पटैल, अंबेडकर वार्ड



प्रेरक सुनीता ठाकुर, भगवानगंज वार्ड, सागर



प्रेरक पूनम मेवाती, शिव मंदिर तिलकगंज वार्ड




प्रेरक मिनी जैन, रामपुरा वार्ड, सागर



प्रेरक निशा यादव, प्रियंका जैन जेल के पीछे



प्रेरक ज्योति दुबे, भगवानगंज वार्ड

# अंत्योदय शिक्षा प्रेरकों के अनुभव



अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान में विचार संस्था के माध्यम से जोड़ कर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है इस अभियान में मुझे बच्चों को तरह तरह की गतिविधियां कराने का मौका मिला और बच्चों को बहुत अच्छा लगता हैं कि कम से कम पड़ने का मौका मिल रहा है विचार संस्था के माध्यम से सभी गतिविधि की जानकारी मिली और बही जानकारी शिक्षा के माध्यम से बच्चो को दी इस अभियान में मेरा भी बौद्धिक विकास हुआ है जैसे बात करने का तरीका बदल गया है।

**प्रेरक – प्रियंका लोधी, डुंगासरा सागर**









विचार संस्था द्वारा संचालित अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान में मेरा प्रेरक शिक्षक बनकर योगदान दे पाना मेरे जीवन के चुनिंदा अनुभवों में से एक रहा है। बच्चों का दिमाग उपजाऊ भूमि की तरह होता है जिसपर बीज बोना सबसे जिम्मेदारी वाला काम होता है, ज्ञान केवल पुस्तकों की सीमाओं में बांधकर नहीं रखा जा सकता चहुँमुखी विकास के लिए आवश्यक है कि बच्चों को उनके वातावरण और सामाजिक परिवेश से जोड़ा जाए, जिसमें यह भी सुनिश्चित किया जाना जरूरी है कि उनमें नैतिक एवं मानवीय मूल्य की स्थापना करके उन्हें सफल और एक बेहतर इंसान भी बनाया जाये। मेरा इस कार्यक्रम में इसी बात पर विशेष जोर रहा साथ ही बच्चो के साथ किसी भी काम को करना एक नया ताजा और खुशनुमा अनुभव रहा जिससे मुझे भी बहुत सीखने मिला। मैं विचार संस्था को इस कार्यक्रम की सफलता एवं मुझे इसका हिस्सा बनने का अवसर देने के लिए हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।

**प्रेरक – वैशाली प्रजापति,भोपाल रोड सागर**





इस अभियान से जुड़कर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। इस अभियान में बच्चों को विभिन्न गतिविधि और खेल के माध्यम से शिक्षा दे रही हूँ। बच्चों के साथ के साथ रहकर उनको पड़ने का अनुभव बहुत ही प्रसंशनीय रहा, बच्चों को रोज नई नई गतिविधियां कराते है जैसे पेंटिंग कराना, लिखना सिखाना, बोलना सिखाना आदि गतिविधियों के द्वारा शिक्षा देने का यह अनुभव बहुत ही अच्छा रहा है।

**प्रेरक – उजाला अहिरवार, तुलसीनगर वार्ड**





मैं सुनीता ठाकुर हूँ मैं जब से अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान में विचार संस्था के माध्यम से जुड़ी हूँ तब से बहुत अच्छा लग रही है क्योकि आजकल कोविड–19 की कठिन परिस्थितियों में स्कूल वंद होने की बजह से बच्चे को घर पर ही रह कर पढाई करना पड़ रही थी तब मैने आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को पढाई के प्रति रुचि जाग्रत करके उन्हे पढ़ाने एवं तरह– तरह की गतिविधि कराने में बहुत अच्छा लगता है मैं आकाक्षां दीदी का दिल से धन्यवाद करती हूँ। जिन्होने मुझे बच्चो की पढ़ाई कराने का मौका दिया

**प्रेरक – सुनीता ठाकुर जी, भगवानगंज वार्ड**

मैं विचार संस्था के माध्यम से इस नई शिक्षा नीति का हिस्सा बनी तब मुझे बहुत हर्ष हुआ जब से इस शिक्षा नीति के अंतर्गत मैंने बच्चों को पढ़ाने का करने का कार्य शुरू किया है तब से मेरे जीवन में बहुत बदलाव हुआ है सभी विद्यार्थियों को प्रतिदिन कुछ नया सिखाने की कोशिश करती हूँ वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों से अवगत कराना, नैतिक ज्ञान देना और शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों के होने से सभी विद्यार्थियों में पढ़ाई की रुचि बढ़ रही है और जिसके कारण सभी बच्चों के मन में सृजनात्मक भाव उत्पन्न होते हैं और इन सभी तथ्यों का अनुभव करके मुझे वास्तव में प्रसन्नता का अनुभव होता है जैसा कि हम सभी जानते हैं कि शिक्षा ही हमारे देश का आधार होती है और विचार संस्था के माध्यम से



अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान के अंतर्गत मुझे बच्चों को शिक्षित करने का यह स्वर्णिम अवसर प्राप्त हुआ जिसके लिए मैं विशेष रुप से विचार संस्था व सचिव आकांक्षा मलैया जी का आभार व्यक्त करती हूँ। धन्यवाद

**प्रेरक – प्रभा साहू, भगवानगंज वार्ड**






अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान से जुड़कर मुझे काफी प्रसन्नता हुई है। और सबसे ज्यादा सुंदर बात यह है कि जितना मैं उन बच्चों को



सिखा पायी हूँ उससे कहीं अधिक वो सभी बच्चे मुझे सिखा गये है। बच्चों के अंदर भरपूर ज्ञान है बस उन्हें सही दिशा की जरूरत है। मुझे प्रसन्नता हुई कि मैं इस अभियान का हिस्सा बन पाई। धन्यवाद

**प्रेरक – प्राची जैन, पंतनगर वार्ड**

सादर जय जिनेंद्र मैं इस अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान में मैंने जुड़ कर हिस्सा लिया और विद्यादान का छोटा सा प्रयास किया जिसका अनुभव बहुत अच्छा रहा। छोटी–छोटी बातों का ज्ञान देना बच्चों के साथ कुछ खुद भी सीखना। इस अभियान में जोड़ कर मुझे बहुत ही ज्यादा अच्छा लगा और बहुत ही खुशी है कि मैं उन बच्चों को शिक्षा दे पा रही हूँ जिनको शिक्षा की बहुत जरूरत मैं अपनी क्लास में बच्चों को हिंदी, गणित, इंग्लिश, पेंटिंग, डांस, सिखाती हूँ जिससे बच्चों का भी मनोरंजन होता है और रोज क्लास



आने की इच्छा रहती है मैं विचार संस्था का धन्यवाद करती हूँ इस कोरोना महामारी के काल में जहां सब स्कूल कोचिंग बंद कर दिए गए वहां इनके द्वारा बच्चों को शिक्षा देने का एक नया प्रयास किया गया धन्यवाद।

**प्रेरक – प्रियंका जैन (गोदरे) कटरा सागर**





अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान में विचार संस्था के माध्यम से जुड़ कर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। और बच्चे भी खेल–खेल में पढ़ना लिखना सीख रहे हैं। इस अभियान में मुझे बच्चों को तरह–तरह की



गतिविधि कराने का मौका मिला है जैसे की कुछ बच्चे मानसिक रूप से कमजोर थे तथा उन बच्चों के साथ दोस्त जैसा व्यवहार करके उनका मनोबल बढ़ा कर और उनके अंदर विश्वास जगाकर उनको पढ़ना लिखना सिखा रही हूं।

**प्रेरक – सरस्वती लोधी, डुंगासरा**

# विचार संस्था उपाध्यक्ष सौरभ रांधेलिया का कार्यालय में स्वागत




सौरभ रांधेलिया ने बतौर विचार संस्था उपाध्यक्ष के तौर पर 23 जनवरी को कार्यालय में हुई बैठक में भाग लिया। संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष कपिल मलैया, मार्गदर्शक हरगोविंद विश्व, श्रीयांश जैन (मार्गदर्शक), राजेश सिंघई (मार्गदर्शक), संस्था के मुख्य संघठक नितिन पटैरिया और मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया व साथीगण ने मिलकर इस अवसर पर सौरभ का तिलक व माल्यापर्ण किया।

# शास्त्री वार्ड को आदर्श मोहल्ला बनाने पर चर्चा



आदर्श मोहल्ला बनाने के लिए समन्वयक कस्तूरी बाई से चर्चा करते हुए विचार संस्था के सदस्य।

सागर के शास्त्री वार्ड की समन्वयक श्रीमती कस्तूरी बाई विश्वकर्मा एवं उनकी 11 सदस्यीय टीम से मोहल्ला विकास पर मलैया ट्रैक्टर्स परिवार के विनोद विश्वकर्मा, उनकी पूरी टीम और इस वार्ड के टीम प्रभारी अनुराग विश्वकर्मा के साथ मिलकर मोहल्ले के सभी पालक एवं उनके परिवारों से आदर्श परिवार, एंजाइम और जैविक खाद बनाने, साफ सफाई, किचन गार्डन, रोजगार के विषय, महिला सशक्तिकरण एवं विचार संस्था द्वारा चलाए जा रहे सभी प्रोजेक्टों को सुचारू रूप से चलाते रहने जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

# विजन 2025 : विहार प्रोजेक्ट की रूपरेखा बनाने मनेसिया गांव का भ्रमण



मनेसिया गांव में विहार टीम का भ्रमण।



कुआ और चौपड़ा से पानी की पूर्ति होती है।



प्रीति मलैया एवं सदस्य ने स्कूल का भ्रमण किया



तालाब का भ्रमण करती हुई विहार टीम

विचार के विहार प्रोजेक्ट की रूपरेखा बनाने और स्थान के चयन करने की प्रक्रिया में आज मनेसिया गांव का भ्रमण किया गया। बाटी-भरता का कार्यक्रम रखा गया। भोजन उपरांत मलैया कृषि फार्म द्वारा नई कृषि तकनीक से फसल और पेड़ उगाने की पद्धति, फसल के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता के लिए तालाब, कूप और सिंचाई के साधनों में ड्रिप लाइन, स्प्रिंग कलर जैसे साधनों से कम पानी में फसल उगाने जैसी तकनीक देखी। जिले के पहले सोलर प्रोजेक्ट से बिजली बनाने के संयंत्र को देखकर इससे सबंधित जानकारियां ली गईं। ग्राम ढगरानियां में पूर्व सरपंच सुन्दरसिंह जी व सरपंच लोकेंद्र जी द्वारा चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित कर विहार की भावी योजना पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में कपिल मलैया, आर.के वैद्य सर, विनय मलैया, राहुल सराफ, रितुल सराफ, अखिलेश समैया, सुधीर जैन टुबैको, श्याम दुबे,आलोक जैन, मनोज राय, नरेश यादव  एवं अन्य सदस्यगण शामिल हुए।

# विचार संस्था ने नारी शक्ति की मिसाल पेश की

# 72वें गणतंत्र दिवस पर 105 स्थानों पर महिलाओं ने किया झंडावंदन



अंत्योदय शिक्षा प्रेरक पूनम मेवाती ने तिलकगंज वार्ड में बच्चों के साथ झंडावंदन किया।

72वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विचार संस्था ने नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए 105 जगहों पर घर की महिलाओं से झंडा वंदन करवाया है। इसमें 105 जगहों जिसमें सागर नगर निगम के 48 वार्ड, उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया के सभी 18 वार्ड और केंट बोर्ड सदर के 7 वार्डों, एवं अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान के प्रेरकों और सागर से लगे हुए तीन गांव नयाखेड़ा, शाहगढ़ मढ़देवरा, डुगासरा के घरों पर यह झंडा वंदन किया गया है।

इसके लिए संस्था ने झंडा, डोर, और अन्य सामग्री घर-घर पहुंचाई। झंडा किस तरह फहराना है और पूरा आयोजन कैसे होना है इस संबंध में वीडियो के जरिये लोगों को जानकारी दी गई। साथ ही सभी के वाट्सएप पर पूरी सूचना उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के संबंध में आयोजन की संयोजक आकांक्षा मलैया ने बताया कि संस्था का उद्देश्य नारी शक्ति को बढ़ावा देना है। सभी वार्डों में तिरंगा झंडा वंदन का यह आयोजन दूसरी बार हुआ है। इस कार्यक्रम में दिशा-निर्देश को लेकर संस्था के मुख्य संगठक नितिन पटैरिया का विशेष सहयोग रहा है। इससे पहले संस्था 74वें स्वतंत्रता दिवस पर 74 स्थानों पर झंडा वंदन करा चुकी है।

आगे इस आयोजन को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा वहीं विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया का कहना है कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के इस दौर में देश फिर दृढ़ता के साथ उठ खड़ा हुआ है। यह गौरान्वित कर देने वाले क्षण हैं, देश भावना से जुड़े हुए गणतंत्र दिवस पर हम सभी का मनोबल बढ़ा है।

# विभिन्न वार्डों में किए गए झंडावंदन की झलकियां



प्रीति मलैया एवं विचार टीम
विचार कार्यालय, सागर



अंकिता रांधेलिया, एसटी कोमलचंद पेट्रोल पंप, सिविल लाइन, सागर



शयन, विनीशा, प्रिंसी और मुक्ति पिंजवानी
इंदिरा नगर वार्ड, सागर



श्रीमति दीप्ति समैया, काव्या समैया
इंद्रप्रस्थ कालोनी, सागर



ऋषिका बल्द आलोक जैन
शिवाजी वार्ड



श्रीमति आरती सोनी
मधुकर शाह वार्ड



श्रीमति मंजू संतोष साहू, कृष्णगंज वार्ड



श्रीमति मंजू सतभैया, गोपालगंज



साहब सिंह, वृंदावन वार्ड



रीतेश जैन,
शनीचरी वार्ड



प्रशांत जैन (पार्षद)
महर्षि दयानंद वार्ड



श्रीमति कमला रजक
शुक्रवारी वार्ड



श्रीमति नीलू सागर
तिलकगंज वार्ड






श्रीमति प्रभा साहू
भगवानगंज वार्ड

अमित शर्मा
खुशीपुरा, सुभाषनगर वार्ड

श्रीमति विनीता जोशी
सुभाष नगर, शास्त्री वार्ड

श्रीमति ममता, उजाला, रोशनी
श्रद्धा ठक्कर, तुलसीनगर वार्ड





श्रीमति सरिता गुरू, संत रविदास वार्ड

श्रीमति नीलम अहिरवार, भगत सिंह वार्ड

श्रीमति कस्तूरी बाई विश्वकर्मा, शास्त्री वार्ड





श्रीमति प्रीति केशरवानी, वल्लभनगर

श्रीमति आरती सोनी, चंद्रशेखर वार्ड

श्रीमति सरिता जैन, कटरा वार्ड






ऋतु बावरे, रामपुरा वार्ड

श्रीमति कांति जैन, इतवारी वार्ड

श्रीमति ज्योति जैन, भाग्योदय

श्वेता विश्वकर्मा,
गुरूगोविंद सिंह






श्वेता यादव
जवाहरगंज वार्ड

श्रीमति उर्मिला वर्मा
गुरू गोविंद वार्ड

श्रीकांत सेन
नरयावली नाका वार्ड

पप्पू पड़ा (मोतीनगर)
शीतल हथकरघा केंद्र


शिक्षा रानी समैया
मोहननगर वार्ड


तुलसीराम दाऊ
राजीव नगर वार्ड


श्रीमति सुमन पांडे
संतकबीर वार्ड


श्रीमति दीपा रैकवार
केशवगंज वार्ड


श्रीमति आशा विश्वकर्मा
चकराघाट वार्ड


श्रीमति खुशबू जैन
सूबेदार वार्ड


श्रीमति वीणा पांडे
बरियाघाट वार्ड


मनोज विश्वकर्मा
पुरव्याऊ वार्ड


श्रीमति वंदना विश्वकर्मा
काकागंज वार्ड


श्रीमति अनीता कोरी
पंतनगर वार्ड


श्रीमति शशि रोहित
वाघराज वार्ड


श्रीमति मीना पटैल
रानी दुर्गावती वार्ड, मकरोनिया


श्रीमति ज्योति सराफ
आदिनाथ वार्ड, मकरोनिया


श्रीमति वर्षा विश्वकर्मा
रजाखेड़ी, मकरोनिया


हीरालाल जैन
अंकुर कालोनी, मकरोनिया


सीपी शुक्ला
दीनदयाल नगर मकरोनिया



शुभ्रा सिंघई
किड्ज़ी स्कूल, मकरोनिया


पप्पू बंसल
रविदास वार्ड, मकरोनिया


भागीरथ अहिरवार
महात्मा गांधी वार्ड, मकरोनिया


प्रभु दयाल पटैल
वार्ड नं. 7, सदर


धवल सिंह कुशवाहा
वार्ड 1, सदर


श्रीमति गीता पटैरिया
वार्ड नं. 2, सदर


सूरज सोनी
वार्ड नं. 3, सदर


राजू लोधी
लक्ष्मीपुरा वार्ड


यशवंत सिंह चौधरी
तिली वार्ड


श्रीमति सीता साहू
डॉ. हरिसिंह गौर वार्ड


विक्रम घोषी
ग्राम अमावनी


एड. दुष्यंत शर्मा
कृष्णा वार्ड मकरोनिया


पिंटू दुबे
शिवाजी वार्ड मकरोनिया


अशोक खरे, वार्ड नं. 6 सदर


देवेन्द्र वर्मा, विट्ठल नगर


श्रीमति दीपा राजेश सिंघई
मकरोनिया
सागर


भूपेन्द्र घोषी
ठाकुर बाबा मंदिर
खुरई रोड


रजनी जैन, आईटीआई, सागर


श्रीमति आशा विश्वकर्मा, चकराघाट

# अंत्योदय शिक्षा प्रेरकों द्वारा झंडावंदन


सपना पटैल, बाघराज


ज्योति दुबे, भगवानगंज वार्ड


दीक्षा भदौरिया, गोपालगंज


मधु, उन्नत मौर्य, सदर


अंजली सोनी, संत रविदास वार्ड


प्रखर नेमा, प्रभाकर नगर


पूजा मिश्रा, गुरूगोविंद सिंह वार्ड


निकिता पटैल, तिलकगंज वार्ड


लक्षता जैन, रामपुरा वार्ड


प्रियंका जैन, निशा यादव जेल के पीछे


ज्योति जैन, मड़देवरा


मुश्कान, रोशनी अहिरवार, तुलसीनगर


मिनी जैन, रामपुरा वार्ड


उजाला, श्रद्धा, तुलसीनगर


कविता यादव, संतरविदास वार्ड


प्रियंका गोदरे, पूजा पड़ेले
अंजली जैन, कटरा वार्ड


प्रियंका पटैल
बाघराज वार्ड


सरस्वती लोधी
ग्राम डुंगासरा


ऋचा जैन सेठ
भीतर बाजार, सागर


वर्षा राजपूत, पुष्पा लोधी
नयाखेड़ा


सुनीता ठाकुर, भगवानगंज वार्ड


शिवानी अहिरवार, भाग्योदय


वैशाली, राशि सेन, बड़ा बाजार, मोहन नगर वार्ड


विकास सोनी, पुरानी पुलिस लाइन


रविकांत रैकवार, पोद्दार कालोनी

## इन शिक्षा प्रेरकों द्वारा भी किया गया झंडावंदन

श्रेष्ठा मुखारया रजाखेड़ी मकरोनिया, अभिलाषा जाटव गुलाब कालोनी, वैशाली प्रजापति राजीव नगर, प्राची जैन पंतनगर, रूकमणी अहिरवार भगवानगंज, निकिता घोषी नई गल्ला मंडी, निशा ठाकुर नई गल्ला मंडी, प्रियंका साहू भूतेश्वर, निक्की ठाकुर भूतेश्वर, सविता पटैल रानी दुर्गावती वार्ड, पुष्पा कोरी शिवाजी वार्ड, सीमा ठाकुर ग्राम पगारा, शीला साहू शनीचरी, शिवानी कोरी सुभाषनगर आदि।


प्रियंका लोधी, डुंगासरा

# मीडिया कवरेज

## धर्म . समाज . संस्था

dainikbhaskar.com दैनिक भास्कर सागर, बुधवार, 13 जनवरी, 2021 2

**सफल पहल** • बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कोरोना पॉजिटिव मरीजों और उनके परिजन के बीच संजीवनी बनी विचार संस्था की हेल्प डेस्क

### विचार संस्था ने बीएमसी में 154 दिन में 1300 लोगों की समस्याएं हल कीं

भास्कर संवाददाता | सागर

बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में कोविड 19 मरीजों और उनके परिजनों के बीच विचार हेल्प-डेस्क संजीवनी का काम किया है। पांच माह से ज्यादा समय से सेवाएं दे रही इस हेल्प-डेस्क ने बीएमसी प्रबंधन के सहयोग से 1300 से ज्यादा समस्याएं हलक की हैं। बीएमसी के चेयरमैन सागर कमिश्नर मुकेश शुक्ला के मार्गदर्शन में विचार संस्था और बुंदेलखंड मेडिकल कालेज द्वारा यह हेल्प डेस्क चलाई जा रही है।

कोरोना संक्रमण की शुरुआत में बीएमसी और कोरोना पॉजिटिव मरीजों के बीच तालमेल की कमी थी। जिसके चलते बीएमसी में आए दिन विवाद की स्थिति बन रही थी। इस समस्या को देखते हुए सागर कमिश्नर के सहयोग से विचार संस्था ने बीएमसी में हेल्प डेस्क की शुरुआत की। विचार संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि हेल्प-डेस्क पर सुबह 7 बजे से लेकर रात 12 बजे तक सेवाएं देती है। जिसमें दो-दो विचार सेवक चार-चार घंटे ड्यूटी करते हैं। हेल्प डेस्क के सदस्य वीडियो कॉल के माध्यम से मरीज व परिजनों के बीच संवाद स्थापित करते हैं और मरीज की अन्य जरुरत की सामग्री को उनके पास तक पहुंचाने का काम करते हैं। इस योजना की सफलता का श्रेय हेल्प-डेस्क में सेवाएं दे रहे कोरोना वरियर्स को जाता है। जिन्होंने जान की परवाह किए बगैर कोरोना संक्रमण के बीच भी लोगों की सेवा की।






सागर| बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में विचार संस्था की हेल्प डेस्क ने 154 दिन काम कर कोरोना मरीजों और उनके परिजनों की मदद की।

#### ये हैं हेल्प डेस्क के कोरोना योद्धा

- सॉरी वार्ड में भर्ती कोरोना संदिग्ध मरीजों की पॉजिटिव रिपोर्ट आने पर उन्हें एचडीयू और आईसीयू में शिफ्ट कराया। डॉक्टरों से संपर्क कर इलाज की सटीक जानकारी दी।
  **- पूजा लोधी**
- मोबाइल के माध्यम से वीडियो कॉल कर मरीज व परिजनों के बीच संवाद कराया। जिससे न सिर्फ परिजनों की चिंता कम हुई, बल्कि मरीजों को तनाव में भी राहत मिली।
  **- अनुराग विश्वकर्मा**
- बीएमसी प्रबंधन से मिली सूची के आधार पर भर्ती मरीजों से इलाज व दवाओं की जानकारी लेते थे। वहीं परिजनों द्वारा दिए गया सामान जैसे फल, भोजन और कपड़े आदि मरीजों तक पहुंचाए।
  **- पूजा प्रजापति**
- बीएमसी द्वारा दिए जा रहे भोजन के साथ फल और अन्य सामग्री विचार सेवकों द्वारा चैक किया जाता है।
  **-राहुल अहिरवार**
- बाहर से आए लोगों की अनविज्ञता दिखने पर उन्हें जांच के लिए फीवर क्लिनिक भेजा। आरटी पीसीआर और एंटीजन टेस्ट की जानकारी दी।
  **- संजेश लोधी**
- टीम के मदद के हाथ इस कोरोना संकट काल मे हजारों जरूरतमंदों तक पहुंचे हैं। इसके पहले संस्था द्वारा नगर के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत लगातार कार्य किया जाता रहता है।
  **-तुलसीराम कोरोना वारियर्स**
- इस तरह की मुहिम के तहत और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने और कोविड मरीजों और स्वास्थ्य विभाग अमला के बीच की दूरियां को भरने के लिए विचार संस्था जैसी और सामाजिक संस्था आगे आएं तो इस वैश्विक महामारी की जंग जीतने में हम बहुत हद तक कामयाब हो सकते हैं।
  **- देवेन्द्र वर्मा**

---

दैनिक भास्कर

**सागर 28-01-2021**

### विचार संस्था : वार्डों और गांव सहित 105 जगहों पर महिलाओं ने किया झंडावंदन



गणतंत्र दिवस पर विचार संस्था ने नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए 105 जगहों पर घर की महिलाओं से झंडावंदन करवाया। इनमें सागर नगर निगम के 48 वार्ड, उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया के सभी 18 वार्ड, कैंट बोर्ड सदर के 7 वार्डों, अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान के प्रेरकों और सागर से लगे हुए तीन गांव नयाखेड़ा, शाहगढ़, मढ़देवरा, डुगासरा में घरों पर यह झंडा वंदन किया गया। इसके लिए संस्था ने झंडा, डोर, और अन्य सामग्री घर-घर पहुंचाई। झंडा किस तरह फहराना है और पूरा आयोजन कैसे होना है। इस संबंध में वीडियो के जरिए लोगों को जानकारी दी गई। साथ ही सभी के वाट्सएप पर पूरी सूचना उपलब्ध कराई गई। आयोजन की संयोजक आकांक्षा मलैया ने बताया कि संस्था का उद्देश्य नारीशक्ति को बढ़ावा देना है। सभी वार्डों में तिरंगा झंडावंदन का यह आयोजन दूसरी बार हुआ है। कार्यक्रम में दिशा-निर्देश को लेकर संस्था के मुख्य संगठक नितिन पटैरिया का विशेष सहयोग रहा। इससे पहले संस्था 74वें स्वतंत्रता दिवस पर 74 स्थानों पर झंडावंदन करा चुकी है। आने वाले समय में आयोजन को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया का कहना है कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के इस दौर में देश फिर दृढ़ता के साथ उठ खड़ा हुआ है। यह गौरान्वित कर देने वाले क्षण हैं। देश भावना से जुड़े हुए गणतंत्र दिवस पर हम सभी का मनोबल बढ़ा है।

---

पत्रिका patrika.com

सागर, गुरुवार, 28 जनवरी 2021

### 105 जगह महिलाओं ने फहराया झंडा



**सागर.** गणतंत्र दिवस के अवसर पर विचार संस्था ने नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए 105 जगहों पर घर की महिलाओं से झंडा वंदन करवाया है। इसमें 105 जगहों जिसमें सागर नगर निगम के 48 वार्ड, उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया के सभी 18 वार्ड और केंट बोर्ड सदर के 7 वार्डों, अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान के प्रेरकों के घरों में यह झंडा वंदन किया गया है। इसके लिए संस्था ने झंडा, डोर, और अन्य सामग्री घर-घर पहुंचाई। आयोजन की संयोजक आकांक्षा मलैया ने बताया कि संस्था का उद्देश्य नारी शक्ति को बढ़ावा देना है। सभी वार्डों में तिरंगा झंडा वंदन का यह आयोजन दूसरी बार हुआ है।

# मीडिया कवरेज

## विचार संस्था ने नारी शक्ति की मिशाल पेश की

# 105 जगहों पर महिलाओं ने किया झंडावंदन



**अतुल्य भास्कर, सागर**

72 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर विचार संस्था ने नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए 105 जगहों पर घर की महिलाओं से झंडा वंदन करवाया है। इसमें 105 जगहों जिसमें सागर नगर निगम के 48 वार्ड, उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया के सभी 18 वार्ड और केंट बोर्ड सदर के 7 वार्डों, एवं अंत्योदय शिक्षा प्रेरक अभियान के प्रेरकों और सागर से लगे हुए तीन गांव नयाखेड़ा, शाहगढ़ मढ़देवरा, डुगासरा के घरों पर यह झंडा वंदन किया गया है।

इसके लिए संस्था ने झंडा, डोर, और अन्य सामग्री घर-घर पहुंचाई। झंडा किस तरह फहराना है और पूरा आयोजन कैसे होना है इस संबंध में वीडियो के जरिये लोगों को जानकारी दी गई। साथ ही सभी के वाट्सएप पर पूरी सूचना उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के संबंध में आयोजन की संयोजक आकांक्षा मलैया ने बताया कि संस्था का उद्देश्य नारी शक्ति को बढ़ावा देना है। सभी वार्डों में तिरंगा झंडा वंदन का यह आयोजन दूसरी बार हुआ है। इस कार्यक्रम में दिशा-निर्देश को लेकर संस्था के मुख्य संगठक नितिन पटैरिया का विशेष सहयोग रहा है। इससे पहले संस्था 74वें स्वतंत्रता दिवस पर 74 स्थानों पर झंडा वंदन करा चुकी है। आगे इस आयोजन को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा वहीं विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया का कहना है कि कोरोनाकाल जैसी वैश्विक महामारी के इस दौर में देश फिर दृढ़ता के साथ उठ खड़ा हुआ है। यह गौरान्वित कर देने वाले क्षण हैं, देश भावना से जुड़े हुए गणतंत्र दिवस पर हम सभी का मनोबल बढ़ा है।

दैनिक भास्कर सागर 18-01-2021

## विचार संस्था : कोरोनाकाल में लोगों की मदद की

150 से ज्यादा रक्तदान शिविर में 4500 यूनिट रक्त अस्पतालों में उपलब्ध करवा चुकी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए मंगलगिरी में 7100 पौधे रोपे। अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया संस्था ने कोरोना काल में 11 हजार लीटर सेनिटाइजर, 1900 आहार किट बांटी। 17 दिन हजारों लोगों को राशन बांटा। वर्तमान में 450 बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। जबकि हथकरघा एवं सिलाई-कढ़ाई केंद्र के माध्यम से 410 महिलाओं और युवतियों को दक्ष किया गया है।

# ॥विचार संस्था॥

(स्थापना वर्ष 2003)

# निवेदन

आपसे निवेदन है कि अधिक से अधिक मात्रा में दान देकर इस मुहिम को आगे बढ़ाने में सहयोग करें।

दान राशि बैंक खाते में डालने हेतु जानकारी इस प्रकार है।

Bank a/c name- VicharSamiti

Bank- State Bank of India

Account No.- 37941791894

IFSC code- SBIN0000475

Paytm/ Phonepe/ Googlepay/ upi

आदि दान करने के लिए नीचे दिए गए

QR कोड को स्कैन करें.

BHIM UPI

VICHAR SAMITI

Pay With Any App

G Pay Paytm PhonePe WhatsApp amazon

150+ Apps

Powered By: BharatPe

## - संपर्क -

Website : vicharsanstha.com

Facebook : Vichar Sanstha

Youtube : Vichar Samachar

Ph. No. : 9575737475, 9009780042, 07582-224488

Address : 258/1, Malgodam Road, Tilakganj Ward, Behind Adinath Cars Pvt. Ltd, Sagar (M.P.) 470002